F.No.- CSU-LKO/2023-2024/Dir/01/28
केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, लखनऊ परिसर
विशाल खण्ड–04, गोमती नगर, लखनऊ–226010
☎ 0522–2393748, Email- director-lucknow@csu.co.in
Website: - http://www.csu-lucknow.edu.in

दिनांक– 11.05.2023

कार्यालय आदेश

दिनांक 12.05.2023 को पूर्वाह्ण 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक कुलपति महोदय परिसर में रहेंगे। प्रतिदिन की तरह सभी छात्र एवं शिक्षक अपनी–अपनी कक्षा में अध्ययन–अध्यापनरत रहेंगे। अनुशासन समिति के सदस्यों को अनुशासन व्यवस्था बनाए रखने की दृष्टि से यदि कक्षा में उपस्थित रहने की स्थिति न रह सके तो किसी अन्य शिक्षक को अध्यापन हेतु दायित्व जरूर सौंपें ताकि विभागीय अन्य छात्रों को भी वे देख सकेंगे। कार्यक्रम का सञ्चालन, स्वागत, धन्यवाद ज्ञापन एवं अन्य सभी कार्यक्रम छात्र द्वारा सम्पादित किए जायेंगे।

स्वागत के समय सभी विभागों के अध्यक्ष/संयोजक मुख्य द्वार पर उपस्थित रहेंगे। डॉ. धर्मेन्द्र कुमार पाठक पूर्ण कुम्भ आदि से स्वागत का प्रबन्ध करेंगे। छात्रों के लिए जलपान क्रय का प्रबन्ध डॉ. अश्विनी पाण्डेय, सहायकाचार्य (अतिथि) करेंगे। वितरण का दायित्व डॉ. नीरज तिवारी के मार्गदर्शन में श्री सहजराम, एवं श्री रामबदन का निर्धारित किया गया है।

कक्ष संख्या 4 एवं कक्ष संख्या 32 में माइक, स्मार्ट बोर्ड, स्पीकर इत्यादि का प्रबन्ध दोनों सङ्गणक शिक्षक, तकनीकी सहायक, कन्हैयालाल एवं डॉ. घनश्याम पाल करेंगे। उपर्युक्त दोनों प्रकोष्ठों में पंखा, लाइट इत्यादि का कार्य डॉ. घनश्याम पाल देखेंगे। स्वच्छता व्यवस्था डॉ. काशीनाथ द्विवेदी एवं श्री विवेक कुमार सिंह, सहायक करेंगे। पूर्ण कुम्भ स्वागत का प्रबन्ध डॉ. धमेन्द्र कुमार पाठक जी करेंगे।

फूल, माला और गुलदस्ता आदि का कार्य श्री विकास जैन करेंगे। यज्ञमण्डप/सरस्वती मन्दिर के उद्घाटन के समय सभी विभागाध्यक्ष प्रो. शिशिर कुमार पाण्डेय और प्रो. देवी प्रसाद द्विवेदी और प्रो. भारतभूषण त्रिपाठी जी भी उपस्थित रहेंगे। अन्य शिक्षक, कर्मचारी, छात्र अपनी–अपनी कक्षा में अध्ययन–अध्यापन यथावत् करते रहेंगे।

उद्घाटन के बाद माननीय कुलपति द्वारा माँ सरस्वती का पूजन किया जायगा और रूद्राभिषेक भी किया जायगा। यह कार्य छात्रों द्वारा कराया जायगा।

कक्ष संख्या 32 में कार्यक्रम के समय विभाग क्रम से सभी छात्र बैठेंगे और विभागीय एक अध्यापक छात्रों के साथ बैठेंगे। यह व्यवस्था विभागाध्यक्ष/विभाग संयोजक द्वारा की जायगी। कार्यक्रम की पूर्णता के पश्चात् माननीय कुलपति महोदय निदेशक कक्ष में आयेंगे जहाँ सभी विभागाध्यक्ष एवं विभागीय संयोजक उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम पूर्णता के तत्काल बाद कक्ष संख्या 32 के बाहर छात्रों के लिए लघु जलपान का वितरण होगा। उसके बाद छात्रों का अवकाश हो जायगा और शिक्षकों के साथ आवश्यकतानुसार मीटिंग हो सकती है। परीक्षा यथावत् चलेगी।

(प्रो. सर्वनारायण झा)
निदेशक

प्रतिलिपि–

1 उपर्युक्त सभी को सूचनार्थ
2 कार्यालय आदेश सञ्चिका
3 सम्बद्ध सञ्चिका
4 वेबसाइट पर अपलोड हेतु श्री मुकुल कुमार मिश्र, तकनीकी सहायक
5 निदेशक कार्यालय प्रति

निदेशक